Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to implement Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi Yojana in West Bengal.

श्री सौमित्र खान (बिशनुपुर): सर, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं ।

सर, बंगाल से आने वाले हम **18** सांसदों को लग रहा है कि हम लोग भारत में हैं या किसी दूसरे देश में हैं, क्योंकि जैसे प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि देश के हर स्टेट में मिलती है, आयुष्मान भारत योजना हर स्टेट में हर आदमी को मिलती है और मेरे क्षेत्र बिशनुपुर में किसानों की आबादी सात लाख है, सात लाख परिवार किसानों के हैं, लेकिन उनको प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि नहीं मिलती है, क्योंकि वहां पर सिर्फ ... *का राज चलता है । उससे भी बड़ी बात है कि वह पैसा डायरेक्ट फार्मर्स को जा रहा है, आयुष्मान भारत का लाभ डायरेक्ट उस आदमी के पास जाता है, इसलिए वे उसे बन्द कर देते हैं, क्यों कि वह पैसा राज्य सरकार से होकर नहीं जाता है, वह डायरेक्ट लोगों के बैंक खाते में जाएगा । वे उसमें दुर्विधि नहीं कर पाएंगे, इसलिए उसे बन्द करके रखा है । मेरी यही विनती है कि हम 18 सांसद भी भारत के सांसद हैं, इसलिए कम से कम हमारे क्षेत्र में जो किसान हैं, उनका पैसा डायरेक्ट जाए । इसके लिए मैं आपसे विनती करता हूं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।